जॉब अलर्ट

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने जूनियर असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है. कंपनी द्वारा बृहस्पतिवार, 25 जुलाई को जारी अधिसूचना के मुताबिक देश विभिन्न राज्यों में स्थित कार्यालयों में तैनाती के लिए कुल 200 जूनियर असिस्टेंट की भर्ती की जानी है.उम्मीदवार निर्धारित आखिरी तारीख 14 अगस्त तक ऑनलाइन मोड में अप्लाई कर सकते हैं. आवेदन कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट lichousing.com पर एक्टिव लिंक से करें.आवेदन से पहले नोटिफिकेशन पढ़ लें.

न्यूज फ्लैश

साकची बाजार शिव मंदिर कमेटी की कांवड़ यात्रा 11 अगस्त को

जमशेदपुर: साकची बाजार श्री शिव मंदिर कमेटी द्वारा सावन माह में आगामी 11 अगस्त को विशाल कांवड यात्रा निकाली जायेगी. सुबह 6 बजे स्वर्णरेखा नदी मानगो से साकची शिव मंदिर तक निकलने वाली कांवड यात्रा में 1100 कांवरियां शामिल होंगे, जो भोले बाबा का जलाभिषेक करेंगे. इस धार्मिक कांवड यात्रा को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी की एक बैठक मंदिर परिसर में उमेश शाह की अध्यक्षता में हुई. उन्होंने बताया कि इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पत्नी सुधा गुप्ता संग अतिथि के रूप में शामिल होंगे. साथ ही बैंड-बाजा, शिव झांकी और भूत-प्रेत शामिल रहेंगे. पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर कांवड़ यात्रा हेतु कूपन का वितरण कल से शुरू हो जायेगा. बैठक में ओमप्रकाश रिंगसिया, महावीर मोदी, गिरधारी खेमका, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विवेक चौधरी, सुशील अग्रवाल, भोला चौधरी, अंकित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल लड्ढा, सुनील सोंथालिया, प्रमोद चेतानी, पवन खेमका, शंकर अग्रवाल, सुनील केडिया, सीताराम देबूका, विनोद शाह, कविता अग्रवाल, निशा सिंघल, पूजा अग्रवाल, उषा चौधरी आदि उपस्थित थे.

इनर व्हील क्लब ने स्कूल में लगाए 20 फलदार पौधे

जमशेदपुर: इनर व्हील क्लब ऑफ़ जमशेदपुर जेस्ट द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर आदित्यपुर दिंदली बाज़ार स्थित मध्य विधालय में 20 फलदार पौधे लगाए. साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया. राष्ट्रीय क्लब की ओर से मिले कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रीति गोयल ने क्लब की अन्य सदस्यों के साथ मिलकर पूरा किया. उन्होंने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया.

हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता में युवांश और मांशु लोहार पहले स्थान पर

जमशेदपुर: सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा तुलसी जयंती समारोह के अंतर्गत 14 जुलाई को कक्षा 1 से 3 तथा 4 से 6 तक के विद्यार्थियों के लिए दो वर्गो में आयोजित श्री हनुमान रुप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया. इसमें नगर के 27 विद्यालयों के कुल 232 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. प्रतियोगिता के ग्रुप ए में कक्षा 1 से 3 मेंएसडीएसएम के युवांश कुमार प्रथम, आरवीएस एकेडमी के शान शौर्य और एआईडब्ल्यूसी के अंश दुबे द्वितीय, डीबीएमएस के वेदांत मिश्रा, विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के रुद्राभिषेक पांडेय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. इनके अलावा गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के विकास घोष, डीएवी बिष्टुपुर के हर्षित लाल, एसडीएसएम के बॉबी सिंह और आरवीएस एकेडमी के कौस्तुव आचार्जी को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया. इसी तरह ग्रुप बी में कक्षा 4 से 6 तक के लिए आयोजित प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय लक्ष्मीनगर के मांशु लोहार प्रथम, हिल टॉप स्कूल टेल्को को कृष्ण कुमार, डीबीएमएस कदमा के भावेश सिन्हा को द्वितीय, शिक्षा निकेतन स्कूल टेल्को के अर्पण साहु को तृतीय के अलावा केपीएस कदमा के उज्वल दत्ता, चिन्मय विद्यालय बिष्टुपुर के के मोहित कुमार सेन और सेंट जेवियर इंग्लिश हाई स्कूल के रणवीर यादव को प्रोत्साहन पुरस्कर मिला.

जेआरडी टाटा इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का खिताब लोयोला स्कूल को

जमशेदपुर: जेआरडी टाटा की 120 वीं जयंती के अवसर पर माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का विजेता लोयोला स्कूल रहा. इस प्रतियोगिता में जमशेदपुर के 25 प्रमुख अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के 235 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. मुख्य अतिथि रूपा महंती, टाटा स्टील की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन सलाहकार, शिक्षिका और समाजसेवी ने छात्रों को संबोधित किया और विजेताओं को पुरस्कार दिए. प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर दीपक कामथ, सीईओ, टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज ने किया. प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपनी बुद्धिमत्ता और ज्ञान का प्रदर्शन किया. प्रश्न जेआरडी टाटा के जीवन और कार्यों पर आधारित थे. कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद लोयला स्कूल ने विजेता का खिताब जीता. राजेंद्र विद्यालय ने प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया और केरला पब्लिक स्कूल कदमा ने द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया. विजेता और प्रथम उपविजेता छात्रों को 27 जुलाई 2024 को टाटा स्टील के हेलीकॉप्टर में जमशेदपुर का हवाई दौरा कराया जाएगा. जेआरडी टाटा इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीमवर्क और ज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है. यह कार्यक्रम न केवल जेआरडी टाटा की महान विरासत का सम्मान करता है, बल्कि टाटा स्टील की शिक्षा और बौद्धिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है.

ये रहे विजेता

विजेता : लोयोला स्कूल (दक्ष जैन और श्रेयश राज), **प्रथम उपविजेता :** राजेंद्र विद्यालय (संपर्णा दास और अंकित उपाध्याय), **द्वितीय उपविजेता:** केरला पब्लिक स्कूल, कदमा (आदित्य शर्मा और आयुष्मान मिश्रा)

रोम में वर्ल्ड कांग्रेस आफ फिलासफी में भाग लेंगे करीम सिटी के प्राध्यापक

जमशेदपुर: करीम सिटी कॉलेज साकची के दर्शन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ अब्दुल लतीफ मंडल रोम (इटली) में आयोजित होने वाली दो संगोष्ठियों में भाग लेने हेतु गुरुवार को जमशेदपुर से रवाना हुए. इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक संघ की तरफ से एक सम्मान सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ बीएन त्रिपाठी ने की. इस सभा में प्राध्यापकों द्वारा डॉ मंडल को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया और उनकी यात्रा के लिए सफलता की कामना की गई. इस अवसर पर कला संकाय के इंचार्ज डॉ अनवर शहाब ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि हमारे साथी डॉ अब्दुल लतीफ मंडल रोम (इटली) में आयोजित होने वाली दो संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किए गए हैं. यह उनके लिए ही नहीं बल्कि हमारे महाविद्यालय के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है और हम सबको इस उपलब्धि पर गर्व है. उनके अलावा कॉमर्स के इंचार्ज डॉ एम एम नजरी, मास कॉम की इंचार्ज डॉ नेहा तिवारी तथा साइंस के इंचार्ज डॉ. मो तुफैल अहमद ने भी सभा को संबोधित किया और अपने विचार रखते हुए डॉ मंडल को शुभकामनाएं दीं. डॉ अब्दुल लतीफ मंडल 25वा वर्ल्ड कांग्रेस आफ फिलासफी, रोम 2024 में 'बर्टरेंड रस्सेल ऑन ईंड आफ एनालिसिस' के विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे. यह सेमिनार 1 अगस्त 2024 से 8 अगस्त 2024 तक चलेगा. दूसरा सेमिनार प्री कांग्रेस कॉन्फ्रेंस डिपार्टमेंट ऑफ़ फिलॉसफी, सैपिन्जा युनिवर्सिटी ऑफ़ रोम (इटली) द्वारा आयोजित होगा जो 29 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा. इसमें डॉ मंडल का विषय होगा 'ब्रेकिंग डाउन दी बैरियर्स और प्लेटोज केवल एनालाजी'.

कन्नोजिया सोनार परिवार के सामूहिक विवाह में 11 कन्याओं का होगा विवाह

विवाह सामारोह संभवतः जनवरी या फरवरी 2025 में होगा

जमशेदपुर: राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार (आरकेएसएम) की बैठक शिव शंकर प्रसाद के साकची स्थितनिवास में हुई. बैठक में मुख्य रूप से पांचवें सामूहिक विवाह के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई. विदित हो कि पूर्व में पटना सिटी में आयोजित संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु कई प्रदेश एवं जिलों से प्रस्ताव आया था, जिसमें जमशेदपुर के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया एवं इस वर्ष जमषेदपुर में सामूहिक विवाह आयोजन का दायित्व सौंपा गया है. बैठक में सामूहिक विवाह कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए जल्द ही स्थान और तिथि के निर्धारण का निर्णय लिया गया. विवाह सामारोह संभवत: जनवरी या फरवरी 2025 में होगा. बैठक में संगठन के प्रमुख रंजीत कुमार बर्मन एवं महासचिव किशोर कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि इस समारोह की भव्यता एवं सफलता यहां के समाज के लोगों के योगदान पर निर्भर करती है. बैठक में रंजीत कुमार बर्मन, शंकर लाल, किशोर कुमार वर्मा, शिव शंकर प्रसाद, राजू बर्मन, उदय प्रसाद, सुजीत वर्मा, श्यामा देवी, सुनैन प्रसाद, देव प्रसाद, दिनेश वर्मा, सोनू वर्मा, मोनी प्रसाद, राजेश वर्मा, दिलीप वर्मा, जितेन्द्र सोनी, कार्तिक नारायण प्रसाद, चंदन कुमार वर्मा, अमित कुमार सोनी, जगजीत प्रसाद, डोमन, प्रिंस आदि उपस्थित थे.

अरका जैन विवि का हैदराबाद के इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज के साथ एमओयू

जमशेदपुर: अरका जैन यूनिवर्सिटी ने हैदराबाद स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है. इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर, एमओई, भारत सरकार) की ओर से संचालित एक शोध संस्थान है, जो सार्वजनिक उद्यमों के लिए नीतियों के निर्माण से संबंधित मुद्दों का व्यवस्थित और निरंतर अध्ययन करता है. इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य अनुसंधान और विकास गतिविधियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करना है. एमओयू के संबंध में यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव, यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन डॉ एसएस रजी, कैंपस निदेशक डॉ अंगद तिवारी व संयुक्त कुलसचिव डॉ धंजल ने जानकारी दी. डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पाठ्यक्रम डिजाइन, छात्रों के प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम, अनुसंधान और विकास गतिविधियों, अतिथि व्याख्यान के आयोजन, एफडीपी, छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रों के रोजगार कौशल विकसित करने आदि के लिए इनपुट साझा करने में सहरयोग व इसका बेहतर लाभ मिलेगा.

एमटीएमसी संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

जमशेदपुर: एमटीएमसी में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में शैक्षणिक वर्ष के लिए आज छात्र अभिविन्यास समारोह का आयोजन हुआ. इस दौरान छात्रों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया. समारोह के दौरान जानकारी दी गई कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है. प्रवेश आवश्यकताओं और प्रक्रिया के बारे में अधिक जानने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को मुफ्त परामर्श सत्र भी मिल सकता है. अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9263829620 पर संपर्क किया जा सकता है. संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान स्वास्थ्य सेवा का निरंतर बदलता क्षेत्र है, जिसे अक्सर स्वास्थ्य देखभाल के छिपे हुए नायकों के रूप में माना जाता है, जो रोगी देखभाल और शिक्षा को बनाए रखने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उनका ज्ञान और उत्साह चिकित्सा विज्ञान की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में स्नातक (यूजी) कार्यक्रम के तहत बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री, बीएससी नैदानिक मनोविज्ञान, बीएससी हृदय प्रौद्योगिकी, बीएससी मेडिकल इमेजिंग प्रौद्योगिकी, बीएससी चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी और बीएससी रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी और डायलिसिस तकनीक जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं.

मारवाड़ी सम्मेलन, वैश्य महासम्मेलन व अग्रवाल सम्मेलन ने संयुक्त रूप से किया पौधारोपण

जमशेदपुर: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने संयुक्त रूप से कदमा मरीन ड्राइव टोल प्लाजा गोलचक्कर के समीप पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम के दौरान समाज के महिला, पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिकों ने मरीन ड्राइव के डिवाइडर किनारे अनेक पौधे लगाए. इस अवसर पर सभी ने पौधारोपण के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और समाज में अधिक जागकरुकता फैलाने तथा पौधों का संरक्षण करने का वचन दिया. इस अवसर पर मुकेश मित्तल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है. हमें पेड़-पौधों की बचत करनी चाहिए, जल संसाधन का सही उपयोग करना चाहिए और प्रदूषण को कम करने के उपाय अपनाने चाहिए. कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष शंकरलाल मित्तल, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष श्रवण देबुका, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश महिला अध्यक्ष विनीता शाह, अनिल रिंगसिया, सुनीता जायसवाल और विकास गुप्ता ने भी संबोधित किया. पौधारोपण कार्यक्रम में ललित गढ़वाल, पवन अग्रवाल पप्पी, विजय अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, सुनीता भगत, प्रियंका गुप्ता, माधुरी साहा, रामचंद्र मंडल, विकास रंजन, अजीत गुप्ता, कामेश्वर चौरसिया, काकुली दास एवं तीनों संस्थाओं के अनेक सदस्य उपस्थित थे.

मानगो नगर निगम का कार्यालय, जमशेदपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

एक पक्षीय फ्लैट निबंधन सम्बन्धी आवश्यक सूचना

आवेदक :
श्री दीपक कुमार
फ्लैट नं०.05G, 5th Floor
गुणमय मधुसूदन टावर, मानगो ।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आमजनों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2000 को आवेदक द्वारा फ्लैट नं०-05G, 5th floor गुणमय मधुसूदन टावर, मानगो के निर्माता मधुसुदन बिल्डर एण्ड डेवलपर्स, जगदेव पैलेस, डिमना रोड, मानगो (बिल्डर/प्रोमोटर) को पलैट सं० 05G कुल Built Up क्षेत्र 1230 Sqft. के क्रय करने के निमित फ्लैट के कुल निर्धारित मूल्य के ससमय भुगतान किया गया था। इसके उपरांत वर्षों तक विधिवत Registration नहीं किये जाने के कारण झारखण्ड अपार्टमेंट (फ्लैट) स्वामित्व अधिनियम 2011 की धारा 21(4) के तहत विहित शुल्क का भुगतान करते हुए एक पक्षीय फ्लैट निबंधन की सुनवाई हेतु आवेदन तथा बिल्डर/प्रोमोटर/भूस्वामी को कई सुनवाई की तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। अब सुनवाई की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। अतः विज्ञप्ति के माध्यम से बिल्डर /प्रोमोटर/ भूस्वामी या बैंक या किसी भी अन्य को अगर वाद में अंकित फ्लैट के मामले में कोई दावा/शिकायत हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर मानगो नगर निगम कार्यालय में दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि के व्यतीत होने के उपरांत आपका कोई भी दावा/शिकायत/मान्य नहीं होगा तथा एक पक्षीय फ्लैट निबंधन आदेश पारित कर दिया जायेगा।

ह./-
अपर नगर आयुक्त
मानगो नगर निगम, जमशेदपुर।

ज्ञापांक : 1398
दिनांक: 25/07/24

पांचवी जोनल कैरम सेलेक्शन ट्रायल शुरू, बालक वर्ग में हुए लीग मैच

सभी विद्यालयों के 250 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं शामिल

जमशेदपुर: सोनारी स्थित आरएमएस हाई स्कूल बालिचेला में आज से सीआईएससीई बोर्ड के जमशेदपुर जोन के विद्यालयों का दो दिवसीय पांचवी जोनल कैरम (बोर्ड) सेलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई. रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आज सुबह प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ. विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा सिन्हा ने अतिथियों का अभिनंदन किया. बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन अधिकारी अवीनेश कुमार त्रिपाठी ने सेलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर एवं झंडोत्तोलन कर उद्घाटन किया. मौके पर राजस्थान मैत्री संघ के अध्यक्ष संजय केडिया, शैक्षणिक प्रधान वी के तुलस्यान, आर के झुनझुनवाला, बबीता केडिया, वंदना जैन, सचिव सुशील अग्रवाल, विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा सिन्हा के अलावा कई विद्यालयों की प्राचार्या उपस्थित थीं. सलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में शहर के सीआईएससीई बोर्ड के प्रयास सभी विद्यालय के करीब 250 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं शामिल हो रही हैं. इस दो दिवसीय सेलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता का पहले दिन बालक वर्ग के तीनों कैटेगरी में लीग मैच संपादित किए गए. इस सेलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय की प्राचार्य के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा.

ललिता सरीन का निधन शिक्षा जगत को बड़ी क्षति

जमशेदपुर: शिक्षाविद एवं जमशेदपुर पब्लिक स्कूल की पर्याय पूर्व प्रिंसिपल ललित सरीन का निधन संपूर्ण झारखंड के शिक्षा जगत के लिए एक बड़ी क्षति है.

जमशेदपुर, रांची और धनबाद में वायु गुणवत्ता बेहतर करने के लिए 150 करोड़ देगा केंद्र

रांची (आईएएनएस): झारखंड के तीन प्रमुख शहरों रांची, धनबाद और जमशेदपुर में पर्यावरण सुरक्षा और वायु गुणवत्ता बेहतर करने के लिए केंद्र सरकार ने 150 करोड़ रुपये की राशि देने पर सहमति जताई है.इससे संबंधित प्रस्ताव को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की सातवीं संचालन समिति की बैठक में मंजूरी दी गई. बैठक में झारखंड के नगर विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने भाग लिया. उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है. उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में सहायता का आग्रह किया.इस पर संचालन समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के आधार पर झारखंड को 2024-25 के लिए 150 करोड़ आवंटित करने का निर्णय लिया. सीपीसीबी ने वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम में फंडिंग के लिए निर्धारित मापदंडों पर धनबाद शहर को 100 में से 100 और रांची एवं जमशेदपुर को 75 अंक दिए. इस आधार पर मंजूर की गई फंडिंग का उपयोग तीनों शहरों के शहरी निकाय मशीन और अन्य उपस्कर की खरीद, जल निकाय के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण में कर सकते हैं.इस फंड से धूल मार्गों पर पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बनाई जा सकती हैं. नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की बैठक की अध्यक्षता केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव ने की. बैठक में सभी राज्य सरकारों के शहरी विकास सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

A TATA Enterprise

टीआरएफ लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 11, स्टेशन रोड, बर्नामाइंस, जमशेदपुर – 831007
सी.आई.एन : L74210JH1962PLC000700

30 जुन 2024 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

रू. लाख में

क्रम सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही	31.03.2024 को समाप्त तिमाही	30.06.2023 को समाप्त तिमाही	31.03.2023 को समाप्त वर्ष
		अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अंकेक्षित
1.	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,761.99	3,800.45	3,391.43	13,995.92
2.	सामान्य गतिविधियों से आपवादिक मदों, कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) एवं बंद पड़े प्रचालनों सहित	498.57	629.86	878.73	4,015.51
3.	सामान्य गतिविधियों से कर एवं अल्प हित के पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि) एवं बंद पड़े प्रचालनों सहित	498.57	629.64	875.86	3,460.41
4.	अन्य संपूर्ण आय	(24.45)	(205.22)	(85.21)	747.56
5.	सकल समेकित आय (कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि)), अल्प ब्याज तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात्) बंद पड़े प्रचालनों सहित	474.12	424.42	790.65	4,207.97
6.	भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी	1,100.44	1,100.44	1,100.44	1,100.44
7.	प्रति शेयर (रू 10/- का) (वर्तमान में चालु और बंद पड़े प्रचालनों से आय/(हानि) – वार्षिकीकृत नहीं (रु)	4.53	5.73	7.96	31.45
8.	प्रति शेयर (रू 10/- का) (वर्तमान में चालु और बंद पड़े प्रचालनों से मंदितकृत आय/(हानि) – वार्षिकीकृत नहीं (रु)	4.53	5.73	6.94	31.45

नोट :
1. एकल आधार पर कंपनी संबंधी जानकारी निम्न प्रकार से है :

रू. लाख में

क्रम सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही	31.03.2024 को समाप्त तिमाही	30.06.2023 को समाप्त तिमाही	31.03.2023 को समाप्त वर्ष
		अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अनांकेक्षित	अंकेक्षित
(क)	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,761.99	3,800.45	3,391.43	13,995.92
(ख)	आपवादिक मदों एवं कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	398.81	412.35	713.39	3,929.44
(ग)	अन्य संपूर्ण आय	(2.74)	(83.71)	(12.17)	(250.72)
(घ)	कर पश्चात् कुल संपूर्ण आय (लाभ/(हानि) सहित और अन्य संपूर्ण आय (कर पश्चात्)	396.07	328.64	701.22	4,408.95
(ङ)	EPS – वार्षिकीकृत नहीं (रु)	3.62	3.75	6.48	42.34
(च)	मंदितकृत EPS – वार्षिकीकृत नहीं (रु)	3.62	3.75	5.65	42.34

2. सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकताओं) नियमावली 2015 के नियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज की गई तिमाही वित्तीय परिणामों का उपर्युक्त विस्तारित प्रारुपों का उद्धरण हैं। कंपनी की वेबसाइट www.trf.co.in में तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर भी तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारुप उपलब्ध हैं।

जमशेदपुर
जुलाई 24, 2024

बोर्ड की ओर से
हस्ताक्षरित/-
उमेश कुमार सिंह
प्रबंध निर्देशक